WED,13 NOVEMBER 2024
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 4

# ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में हुई पेंशनरों की बैठक में साझा किए विचार

गुड़गांव, 12 नवम्बर (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप-क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम व अस्पताल मानेसर के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए एक संयुक्त पेंशनर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विकास कुण्डल, निदेशक(प्रभारी) व डॉ. श्रुति विरमानी, चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.नि. अस्पताल मानेसर ने की।

बैठक में सचिन सिंह, सन्नी कुशवाहा, डॉ. स्वीटी यादव, रविन्द्र कुमार, राजेन्द्र बंसल आदि अधिकारीगण व पी.आर. झा व क.रा.बी.नि. अस्पताल गुरुग्राम के प्रतिनिधि डॉ. दिलीप उपस्थित रहें। बैठक में पेंशनरों का प्रतिनिधित्व योगेश सैनी, प्रधान व चंद्र प्रकाश शर्मा, सचिव, क.रा.बी.नि. हरियाणा पेंशनर संगठन, आर.के. शर्मा महासचिव, क.रा.बी.नि अखिल भारतीय पेंशनर संगठन ने किया। बैठक में एम.एस. दहिया, पूर्व संयुक्त निदेशक, उप-क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम ने भी भाग लिया व महत्वपूर्ण विचार साझा किए। बैठक का शुभारंभ पंचदीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात् प्रभारी द्वारा पेंशनर संगठन के सभी सदस्यों का स्वागत शाल, पुष्प व मग प्रदान कर किया गया। चर्चा के दौरान पिछली बैठकों में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा हुई। जिसमें अनुपालन, चुनौतियों व अव्यवस्थित मुद्दों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। इस महत्वपूर्ण सत्र में कुल 18 पेंशनरों ने भाग लिया। पेंशनरों ने क.रा.बी.नि की सेवाओं में सुधार व विशिष्ट समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस मंच ने पेंशनरों को अपनी शिकायतें व्यक्त करने का अवसर भी दिया। इस आयोजन का उद्देश्य क.रा.बी.नि. के सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए एक सहयोगात्मक वातावरण बनाना था। जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण के प्रति निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैठक का समापन नोडल अधिकारी सन्नी कुशवाहा, उप-निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों का उनके सकारात्मक योगदान और सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।



*कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।*